तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 कॉलोनी विकास से बचने किसानों को शिकार


12 राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में लावातरा ...


**खबर संक्षेप**

## आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत के लिए कंट्रोल रूम शुरू

**बेमेतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण व आदर्श आचार संहिता को लेकर जिला मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापित किया गया है। यहां पर चौबीस घंटे अधिकारियों व कर्मियों की तैनाती कर दी गयी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारियों व कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात रहने को कहा है। कंट्रोल रूम जिला संयुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक-4 में स्थापित है। तीन पालियों में कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। जिला नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का दूरभाष नंबर 07824-222103 व टोल फ्री नंबर 1950 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जगत लाल गुड्डू, और निर्वाचक पर्यवेक्षक संतोष नामदेव है। इस कंट्रोल रूम में आम नागरिक निर्वाचन व आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत आदि कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकते हैं। कंट्रोल रूम में तैनात स्टाफ प्राप्त होने वाली शिकायतों को तुरंत संबंधित अधिकारियों को भेजेंगे।

## डा. चरणदास की मानसिक स्थिति ठीक नहीं : होरीलाल

**बेमेतरा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने के विरोध में छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पर पलटवार करते हुवे कहा कि, चरणदास महंत मानसिक संतुलन को बैठे हैं। उन्हें किसी मनोचिकित्सक की जरूरत है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे लोकप्रिय लीडर है। जिन्होंने भारतवर्ष के सभी नागरिकों को अपना परिवार माना है। ऐसे व्यक्तित्व के ऊपर अनर्गल टिप्पणी करना कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं उनके नेताओं की घटिया मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी नेता विहीन व मुद्दा विहीन हो चुकी है, कांग्रेस पार्टी रूपी नाव में छेद हो चुकी है तभी तो कांग्रेस के समझदार नेतागण डूबती नैया को छोड़, राष्ट्रहित में काम करने वाले एक मात्र दल भारती जनता पार्टी में शामिल हो रहे है।



## छात्रवृत्ति परीक्षा में देवरी के दो बच्चे हुए सफल




**बेमेतरा।** विगत तीन वर्षों की परंपरा को देवरी स्कूल के छात्रों ने इस बार भी बनाए रखा। सत्र 2023-24 के लिए हुए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीन्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी के दो बच्चे कुमारी देवीका पिता देवराज साहू एवं ओमप्रकाश साहू पिता खूबी राम साहू ने सफलता हासिल की है। शिक्षक ओम प्रकाश साहू ने बताया कि विगत 4 वर्षों से लगभग 12 बच्चे इस परीक्षा में देवरी से पास हुए हैं। जिसे वर्तमान में प्रतिवर्ष 12000 छात्रवृत्ति प्राप्त हो रही है। इस सफलता पर संस्था प्रमुख ठाकुर राम साहू ने खुशी जाहिर की तथा समस्त शिक्षक भागवत प्रसाद, तोरेश्वर देवांगन, दिलीप साहू, ओमकार वर्मा, मनोज वर्मा, हारून अली एवं पूर्णिमा नेताम ने बच्चों को बधाई दी है।

### कार्रवाई : मुखबिर की सूचना पर थाना नवागढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

**ग्राम प्रतापपुर नहर के पार मवेशियों से भरे ट्रक को रूकवाया, चालक फरार**

# कत्लखाना ले जाने से बचाए गए 16 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ पुलिस टीम ने कत्लखाना ले जा रहे मवेशी से भरे महाराष्ट्र पासिंग ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। टाटा ट्रक 1512 क्रमांक एम एच 40 सीडी 6852 से 16 नग गाय बछड़ा बरामद किए। पुलिस ने अज्ञात वाहन व अन्य व्यक्ति के विरुद्ध छ.ग. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 का अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई।



पुलिस ने बताया कि थाना नवागढ पुलिस स्टाफ को रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम प्रतापपुर नहर के पार के रास्ता से एक ट्रक में मवेशी (गाय, बछड़ा) को कत्लखाना ले जाने के लिए ठूंस-ठूंसकर नगपुरा खार में भर कर नहर पार के रास्ता से प्रतापपुर मेन रोड की ओर जाएगी। सूचना पर थाना नवागढ़ स्टाफ ने ग्राम प्रतापपुर मेन रोड नहर पुलिया के पास पहुंच कर घेरा बंदी की। इस दौरान नगपुरा खार की ओर से नहर पार के रास्ते एक ट्रक आ रहा था। इस बीच पुलिस को देख कर चालक अपने ट्रक को छोड कर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। इस दौरान पुलिस ने उसका पीछा किया, परंतु वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

वहीं, ट्रक की जांच करने पर वाहन में 16 नग मवेशी जो बिना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक ठूंसठूंस कर भरा हुआ मिला, जिसमें 14 नग गाय, 2 नग बछड़ा है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना नवागढ़ प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक प्रकाश राजपूत, आरक्षक संतोष साहू, भूपेन्द्र चंद्रवंशी, ऋतु राज सिंह, महेन्द्र वर्मा, ओंकार निर्मलकर, सफीक खान, एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# स्कूली बच्चों को ठोकर मार दुकान में घुसी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा मुख्य मार्ग में शराब के नशे में तेज गति से कार चलाते हुए 2 युवकों ने 5 स्कूली बच्चों को पीछे से ठोकर मारते हुए एक दुकान कार चढ़ा दिया। स्कूल से घर जा रहे बच्चे हादसे का शिकार हुए। इस दुर्घटना में 5 स्कूली बच्चे घायल हुए हैं जिनको प्राथमिक उपचार के लिए साजा अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से दो बच्चों को मामूली छोटे आई हैं जबकि अन्य दो बच्चों का हाथ और कंधे की हड्डी में सूजन होना बताया है। वहीं एक बच्ची के सिर में अंदरूनी चोट की बात सामने आई है। शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल शिक्षक या अन्य जिम्मेदार अधिकारी के पास बच्चों का हालचाल जानने की फुर्सत नहीं रहा। घटना की जानकारी लगते ही विधायक ईश्वर साहू ने चिकित्सा से बात कर बच्चों की जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने की निर्देश दिया।

- स्कूल से घर लौट रहे पांच बच्चे घायल
- हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार



### वार्ड 13 के निवासी हैं सभी बच्चे

साजा के सबसे बड़े वार्ड 13 के बच्चे जब स्कूल से वापिस घर लौट रहे थे उसी समय उक्त दुर्घटना घट गई। पीछे से तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार चालक ने बच्चों के तरफ कार मोड़ दिया। बच्चों ने चीख पुकार करते ऑटो पार्ट्स दुकान की ओर दौड़ पड़े, पीछे से आ रही अनियंत्रित कार भी दुकान के भीतर जा घुसी। जिससे दुकान के सामने रखे सामानों के अलावा मोटरसाइकिल को भी काफी क्षति पहुंची है। जबकि घटना में घायल हुए बच्चों और परिजनों में दहशत व्याप्त है।

### चालक फरार, कार जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार ग्राम कोदवा निवासी नईम खान पिता अनवर खान की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने कार अपने कब्जे में ले लिया है। स्कूली बच्चों पर कार चढ़ाए जाने से भीड़ आक्रोशित नजर आई, लेकिन बच्चों को संभालने जुटी भीड़ के बीच आरोपी वहां से भाग निकला। आरोपी के विरुद्ध साजा पुलिस ने धारा 279,337 एवं 427 के तहत अपराध कायम किया है। ▶▶शेष पेज 11 पर

### प्राथमिकी दर्ज

आरोपी के विरुद्ध उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज की गई है। बच्चों के मेडिकल जांच के बाद आए रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

- **राजकुमार साहू** थाना प्रभारी, थाना साजा

# वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 19 दोपहिया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कंडरका खमतराई चौकी में एक युवक की बाइक चोरी के मामले में जांच में जुटी पुलिस के हाथ एक बड़ा वाहन चोर लगा है। आरोपी की निशानदेही पर अलग-अलग जिलों से चुराई गई करीब 19 मोटर साइकिल बरामद किया गया, इसकी कीमत 12 लाख से अधिक बताई जा रही है।

- रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, बालोद, मोहला मानपुर से उड़ाई बाइक

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 1 अप्रैल को प्रार्थी संजय कुमार कुर्रे पिता लखन कुमार कुर्रे निवासी खमतराई चौकी कंडरका ने शिकायत दर्ज कराया कि 31 मार्च को ग्राम नेवनारा के पास से उसकी बाइक क्रमांक सी.जी. 25 - 5073 अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। जिस पर चौकी कंडरका में अपराध दर्ज कर मुखबीर सक्रिय किया गया था। मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम भिंभौरी में एक व्यक्ति मोटर सायकल बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर चौकी कंडरका व सायबर सेल की टीम ने गांव पहुंचकर आरोपी अशोक कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने नेवनारा से उक्त बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने जिला रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ, बालोद, मोहला मानपुर से भी इसी तरह वाहन चोरी किया है। इसमें 18 मोटर सायकल में से 13 प्रकरण में विभिन्न थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी पुलिस प्राप्त भी कर चुकी है, शेष 05 में वाहन स्वामी के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरोपी के पास से प्रदेश के आधा दर्जन जिले से चोरी किए 19 नग दो पहिया वाहनों को बरामद किया गया जिसकी कीमत 12 लाख से अधिक पाया गया। आरोपी अशोक कुमार साहू पिता कामता प्रसाद साहू 28 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना घुमका जिला राजनांदगांव को धारा 379 भादवि गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि तुलाराम देशमुख, प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, प्र.आर. विनोद पात्रे, प्र.आर. मोहित चेलक, प्र.आर. लोकेश सिंह, प्र.आर. पोषण साहू, आर. नूरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय, संजय पाटिल, मोतीलाल जायसवाल, सौरभ सिंह, राजेश ध्रुव, जयकिशन साहू, विनोद सिंह, पंचराम घोरबंधे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट, वेयर हाउस के रखरखाव की सुरक्षा व्यवस्था देखी इस दौरान उन्होंने निर्वाचन सामग्री रखरखाव के अवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने वेयर हाउस स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपीएटी मशीन, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



इसके अलावा उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर का निरीक्षण किया और आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए वाहन पार्किंग और सुरक्षा के लिए सभी शासकीय कर्मचारी का पास बनाकर व्यवस्थित तरिके से पार्किंग करने और साफ सफाई के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# 5 वीं के बच्चों को दी विदाई

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला अतरगंवा में कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई। प्रधान पाठक राजकुमार बनर्जी ने कहा कि अच्छा पढ़ लिखकर माता-पिता, अपने शिक्षक और गांव का नाम रोशन करें।

शिक्षक कुमार वर्मा ने पढ़ाई को जीवन जीने और सीखने का जरिया बताया और कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासित जीवन होता है। अनुशासन ही विद्यार्थी व देश को महान बनाता है। सभी बच्चों को सांत्वना स्वरूप पेन भेंट किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में आदर्श छात्रा के रूप में अन्नु यादव, उत्कृष्ट छात्रा निधि आहिरे, सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्रा रेशमी माथुर, वर्ष भर अच्छी उपस्थिति के लिए छात्रा पायल आहिरे एवं स्वच्छता के क्षेत्र में छात्र द्वय चंद्र प्रकाश साहू और अमित कुमार डिंडोरे शामिल हैं।



# धर्म व संस्कृति से जुड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है मानसगान : तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा के ग्राम मौहरेगां सोरला में मानस मण्डली द्वारा तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की मानस मंडलियों ने भाग लिया। यहां मानस मंडलियों ने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मानसगान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों से आई ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सत्संग के बिना मानव जीवन है व्यर्थ : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत मटका में सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास साहब सत्संग समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने सदगुरू कबीर साहब, पंश्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब, गुरु गोसाई डा. भानुप्रताप को पुष्प अर्पित कर कामना किया और गुरु गोसाई तुलसी दास साहेब का मंच में आशीर्वाद लिया।

- ग्राम पंचायत मटका में सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास सत्संग समारोह आयोजित




श्री छाबड़ा ने कहा कि सत्संग के बिना मानव जीवन व्यर्थ है। श्री सद्गुरु कबीर साहब ने बताया हैं कि हरि भजन, साधु संगत, दया, दीन, उपकार जीवन में पांच अनमोल रत्न हैं। ये गुण हर मानव में होना चाहिए। पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहब के बताए सत्य के मार्ग में चल के हम सभी को अपने मानव जीवन को सफल बनाना है। सद्गुरू कबीर साहब ने मानव जाति के कल्याण के लिए सत्य का मार्ग दिखाया और सद्मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। सदगुरु कबीर साहब की अमृत वाणी, आज भी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं,सद्गुरु कबीर साहब समाज में फैले आडंबरों के सख्त विरोधी थे,उन्होंने लोगों के बीच से छूआछूत जात पात जैसे कुरीतियों को मिटाने का प्रयास किया। उन्होंने अपने अमृत वाणी के माध्यम से समाज को एकता का संदेश दिया है। उनके अमृत वाणी मानव जाति को जीवन की नई प्रेरणा देते है, उन्होंने ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन की अनूठी पहल

# मतदान के लिए प्रेरित करने बिल में लगाई जा रही सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया जा रहा है।

- जिले के व्यवसायिक केन्द्रों, अस्पताल और आवश्यक जगहों पर चलाया जा रहा विशेष अभियान

जिला प्रशासन सभी नागरिकों तक मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता के तहत एक अनूठी पहल की है।



जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता स्लोगन संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान एवं 7 मई 2024 मतदान अवश्य करें। सूचना युक्त सील बनाकर सभी शासकीय जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट एवं जनरल स्टोर से जनरेट बिल में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन युक्त सील लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है । इससे मेडिकल पर्ची एवं दुकान से प्राप्त बिल में जाने से लोगों को आसानी से मताधिकार की जानकारी मिलेगी।

इसके अलावा लोगों को मतदान जागरूकता के लिए सभी अलग अलग साइज में बैनर पोस्टर बनवाकर सभी राशन दुकानों में लगाने, सभी जनपद पंचायत और नगरीय निकाय अंतर्गत मुख्य चौक चौराहा भीड़ वाले स्थान में, सभी बैंकों में और सभी पेट्रोल पंप में अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है । साथ ही मतदाता मतदान दिवस में वोटिंग करने के लिए जागरूक हो रहे हैं। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के तहत रबर स्टाम्प सील के माध्यम से जन जन तक शत प्रतिशत मतदान का संदेश निरन्तर दिया जायेगा ।

### अस्पताल की ओपीडी पर्ची में भी सील

मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में शासकीय संस्थानों सहित निजी संस्थान भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। इसके तहत अस्पताल के ओपीडी पर्ची में, निजी स्टेशनरी मार्ट, रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर जैसे संस्थानों में ग्राहकों को दिए जाने वाले बिल में मतदाता जागरूकता का सील लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी पर्ची में सील लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से भी जागरूकता बढ़ेगी। बेमेतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 7 मई 2024 भी अंकित किया गया है। जिससे लोगों को अपने क्षेत्र में मतदान दिवस की जानकारी आसानी से मिल जाएगी।

## कनेरी में चैत्र नवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में मां कंकालीन मैया मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही माता सेवा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति संरक्षक हीरालाल यादव, अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा सहित पदाधिकारियों ने बताया कि 9 अप्रैल को सुबह 11:36 से 12:24 के बीच ज्योति कलश स्थापना की जाएगी।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### गर्मी से निजात दिलाने कूल वाटर का वितरण

**दुर्ग।** सेन समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा अध्यक्ष डॉ प्रतीक उमरे के नेतृत्व में सदस्यों ने चिलचिलाती धूप में दायित्वों का निर्वहन करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को शुद्ध पानी के लिए एक्वा कूल वाटर बोतल के साथ ही इलेक्ट्रॉल पाउडर मुहैया करवाया। जिससे वो रोज अपनी ड्यूटी पर इलेक्ट्रॉल पाउडर युक्त पानी साथ में रख सके। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने में यातायात सिपाहियों की भूमिका अहम है। यातायात कर्मचारी मौसम की विपरीत परिस्थितियों की परवाह किए बगैर अपने दायित्वों का निर्वहन करते है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसमें सिपाहियों को पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने, गर्मी व निर्जलीकरण से बचाने के लिए यह पहल की गई है। मौके पर मनीष श्रीवास, प्रांजल भारद्वाज, प्रखर भारद्वाज, लवकुश देशमुख आदि उपस्थित थे।

### एग्जिट पोल पर 1 जून तक लगाया प्रतिबंध

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क, ख के तहत 19 अप्रैल को सुबह 7 से 01 जून शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा। निर्वाचनों में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### ध्वजा महोत्सव 6 मई को

**दुर्ग।** ऋषभ नगर ट्रस्ट मण्डल ध्वजा महोत्सव सहित पूरे वर्ष अन्य सभी कार्यक्रमों को धूमधाम से मनाने के लिए ऋषभ नगर उत्सव समिति का गठन किया। जिसमें ट्रस्ट मण्डल के सभी ट्रस्टियो व सदस्यों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष के रूप में योगेश बरड़िया, महाचिव आशिष लुनिया व कोषाध्यक्ष अरूण लोढ़ा को चयनित कर उत्सव समिति की जिम्मेदारी सौंपी। 6 मई को वार्षिक ध्वजा के कार्यक्रम को इस बार 2 दिन 5 व 6 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। 5 मई को सुबह अट्ठारह महाअभिषेक, व दोपहर को दादागुरूदेव महापूजन, रात्रि भक्ति व 6 मई को सुबह जुलुस पश्चात सत्तरभेदी पुजा व लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाया जायेगा। बैठक में उत्तम बरड़िया, कान्ति लाल बोहरा, गौतम कोठारी, संदीप निमाणी, डॉ. डीसी जैन आदि मौजूद थे।

# अस्पताल में गायब मिले डॉक्टर, एक्सपॉयरी दवा देख भड़कीं कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाडाडीह में एस्पायरी दवा को लेकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होने दवा हटाने के साथ ही दीवार पर एक्सपायरी दवा के लिस्ट को तत्काल हटावाया। वही दबिश के दौरान अस्पताल में डाक्टर के गायब होने पर उन्होने नाराजगी जताई और तत्काल ऐसे लोगों को नोटिस जारी करने सीएमएचओ निर्देश दिए। इधर कलेक्टर के अचानक दबिश से खलबली मची रही।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि, जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है। उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल नोटिस जारी करने निर्देश

### मतदान केन्द्रों की देखी व्यवस्था

रिसाली के आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सीधे नेवई स्कूल पहुंची। उन्होने स्कूल परिसर को पौधरोपण करने निर्देश दिए। वही रिसाली नगर निगम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान करने के लिये तैयारी का जायजा लिया। यहां मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेवई में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जिसे लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के लिये चिन्हांकित किया गया।



**लिस्ट हटाया**

गाडाडीह पीएससी सेंटर में दीवार पर एक्सपायरी दवा का लिस्ट था, जिसे हटाया गया। एक्सपायरी स्टाक नही था।
**-जेपी मेश्राम,** सीएमएचओ, दुर्ग

### केंद्रों में पेयजल सहित हो समुचित व्यवस्था

हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान दल के ठहरने की व्यवस्था के साथ पेयजल, प्रसाधन और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही। पाटन के पतोरा ग्राम पंचायत में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की।

## मनमानी : खेती जमीन के अस्तित्व पर खतरा, घट रहा रकबा

# कॉलोनी विकास से बचने किसानों को शिकार बना रहे भूमाफिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले में कृषि भूमि को टुकडे में बेचने भूमाफियाओं को इन दिनों सिंडिकेट बन गया है। कालोनी एक्ट के नियमों से बचने के लिए ऐसे लोग किसानों को शिकार बना रहे है। किसानों की खेती जमीन बेचने लाखों रूपए के लालच देकर उनसे बगैर रजिस्ट्री कराए कोरे कागज में एग्रीमेंट कराया जा रहा है। इस एग्रीमेंट के जरिए जिले के विभिन्न इलाको में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। अगर समय पर इसे नही रोका गया तो बुनियादी सुविधा सडक, नाली और बिजली के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड सकता है।

आचार संहिता लगने के पहले जिला प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग मामले में दो दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन आगे कार्यवाही थम गया है। अफसर आचार संहिता का हवाला दे रहे है। लेकिन इधर रोज नए नए प्लाट अवैध रूप से जन्म ले रहे है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग मुख्यालय के आउटर इलाको में इन दिनों धडल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल हो रहा है। खेती जमीनों को बगैर डायवर्सन कराए टुकडों में बेचा जा रहा है। इसके लिए एसडीएम और निगम से कालोनाइजर लाइसेंस लिए बगैर लोगों को सस्ते में जमीन देने का झांसा देकर कारोबार खडा किया जा रहा है। दुर्ग से उतई, पाटन, जाने वाले मार्ग में एक सौ मीटर में अवैध प्लाटिंग हो रही है। इसके आलावा धमधा से बेमेतरा रोड में जेवरा सिरसा, आईआईटी के आसपास सडक पर टेबल लगाकर टुकडों में जमीन सेल कर रहे है। इन दिनों सबसे ज्यादा पाटन के गांव देमार, पंदर चौक, छातागढ जाने वाले मार्ग में खेती जमीन पर मुरूम की सडक बनाई गई है और यहां बोर्ड लगाकर जमीन मालिको ने नंबर भी दे रखा है।

## खेत में मुरूम की रोड बनाकर बगैर ले-आउट के लाखों का सौदा



### इन गांवों में दिया गया था नोटिस

दुर्ग ब्लाक के 22 ग्रामों में बोरसी के 20, नगपुरा के 20, उरला के 19, बघेरा के 12, पोटियाकला के 14, रिसाली के 39, फुलगाव के 4, भटगांव के 2, चंदखुरी के 17, अछोटी के 01, चिंगारी के 21, कोनारी के 03, कोकड़ी के 06, निकुम्म के 01, सिकौला के 31, अंडा के 21, समोदा के 07, पिपरछेड़ी के 01, खपरी के 05, मोहलाई के 10, महमारा के 04, तितुरडीह के 06 भूमिस्वामी शामिल है, जिन्हे नोटिस थमाया गया है।

### किसानों के नाम एग्रीमेंट, बेचकर निकल रहे माफिया

सूत्रो ने बताया कि, दुर्ग में बाहरी इन्वेस्टर इन दिनों सक्रिय हो गए है। उनके द्वारा किसानों के खेती जमीन का एकमुश्त समझौता किया जा रहा है। किसानों से कोरे कागज में एकमुश्त जमीन खरीदी जा रही है। वही अवैध प्लाटिंग के झांसे में आने के बाद खरीददारों का बडा जमीन टुकडों में बेचने सौदा हो रहा है। हर प्लाट के सौदा होने के बाद किसान को रजिस्ट्री के लिए लाया जा रहा है। पूरी जमीन बेचने के बाद भू माफिया लाखों ढकार के निकल रहे है। जबकि उस जमीन पर सडक, नाली, बिजली कौन बनाएगा। इसकी कोई मानिटरिंग नही हो रही है।

### न रेरा का डंडा और न टाउन प्लानिंग सक्त

आवासीय कालोनी बनाए जाने के लिए कालोनाइजर लाइसेंस के साथ ही टाउन प्लानिंग विभाग से ले आउट एप्रुवल कराना होता है। लेकिन यहां टाउन प्लानिंग विभाग के अफसरों के अनुमति बगैर शहर सहित आउटर में नया कुनबा बस रहा है। हालात यह है कि, मास्टर प्लान को एक ओर रखकर माफियाराज का दबदबा कायम हो गया है। वही रेरा जैसे ठोस कानून लागू होने के बाद भी अवैध प्लाटिंग का धंधा नही रूक रहा है। रेरा की मानिटरिंग ही समझ से परे है।

### दस साल पुरानी कालोनी की भी जांच नहीं

जनदर्शन में कालोनाइजरों द्वारा पूर्ण रूप से सुविधा नही दिए जाने की लगातार शिकायते सामने आ रही थी। जिसे लेकर तत्कालीन कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने शहर में बसे दस साल पुराने कालोनियों की जांच करने के निर्देश दिए थे। लेकिन जांच टीम गठित होने के सालभर बाद भी अफसरों की टीम ने एक भी कालोनियों का भौतिक सत्यापन नही किया है। बकायदा नगरनिगम दुर्ग द्वारा ऐसे कालोनियों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई थी। पिछले साल मई में कार्यवाही की जानी थी, जिसका अब तक पता नही है।

**होगी कार्यवाही**

अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी। पूर्व में ऐसे लोगों की सूची पटवारियों से लेकर नोटिस दिया गया था। आचार संहिता के बाद कार्यवाही होगी।
**-प्रफुल्ल गुप्ता,** तहसीलदार, दुर्ग

# मंदिर की जमीन के विक्रय पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



रामजानकी मंदिर ग्राम रसमड़ा के स्वामित्व की भूमि को महन्त धर्मेन्द्र दास रसमड़ा के द्वारा विकय करने से रोक लगाए जाने की मांग की गई है। इसके लिए सोमवार को दर्जनभर लोगों ने ज्ञापन भी सौंपा है। रामजानकी मंदिर ग्राम रसमडा के नाम पर कृषि भूमि दर्ज है। जिसे महन्त अपने रिश्तेदारों से मिलकर बिकी कर रहा है, जिसे बिक्री के पूर्व किसी भी प्रकार से कलेक्टर से अनुमति नहीं ली गई है। राजस्व मंडल एवं आयुक्त ने इसी महन्त धर्मेन्द्र दास के द्वारा बिक्री की गई ग्राम नगपुरा की भूमि पर हुये नामांतरण को निरस्त किया गया है। इस प्रकार महन्त धर्मेन्द्र दास एवं जैतुक वैष्णव अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को साथ लेकर बिकी कर रहे है। जिसमें नायब तहसीलदार व पटवारी भी संलग्न है। इस दौरान दुष्यंत कुमार, नंदकुमार सहित अन्य उपस्थित थे। उन्होने मामले में जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही किये जाने ज्ञापन सौंपा है।

# ब्रम्हर्षि भूमिहार ब्राह्मण समाज का होली मिलन



**भिलाई ।** ब्रम्हऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज के सेक्टर दो भवन में हुए होली मिलन समारोह में सदस्यों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समाज के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडे को भाजपा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पीपी सिंह, महासचिव मधुसूदन शर्मा, कार्यकारी अ अध्यक्ष सुरेश राय सहित कृष्णानंद राय, आरआर शर्मा, अजय राय, संजय सिंह, संजीव सिंह, श्याम सिंह, विपिन ठाकुर,शैलेंद्र ठाकुर एचपी राय, बलराम सिंह, अनिता, इंदु, मंजू पिंकी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर गाइडलाइन नहीं पहुंची रजिस्ट्री को लेकर बना संशय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

एक अप्रैल से नया वित्तिय वर्ष शुरू होने के बाद भी राज्य शासन द्वारा जमीन के कलेक्टर गाइड लाइन की

- **राज्य शासन के निर्देश के इंतजार में अफसर**

दर को लेकर निर्देश जारी नही किए गए है। जिसके चलते जिला पंजीयक कार्यालय के अफसरों के बीच आगामी दिनों होने वाले रजिस्ट्री को लेकर संशय बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा एक और दो अप्रैल को सिर्फ वसीयत और पावर आफ अटार्नी के प्रकरण में ही रजिस्ट्री किए जाने के निर्देश दिए गए थे। ऐसा माना जा रहा था कि, दो अप्रैल को दर की

**निर्देश नहीं मिले**

कलेक्टर गाइडलाइन में तीस फीसदी छूट का लाभ एक अप्रैल से नही मिलेगा। रही बात कलेक्टर दर की तो अभी तक कोई निर्देश नही मिले है।
**-पुष्पलता धुर्वे,** जिला पंजीयक, दुर्ग

स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन दूसरे दिन भी निर्देश नही मिले है। उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा कलेक्टर गाइड लाइन दर में तीस फीसदी लागू छूट को एक अप्रैल से समाप्त कर दिया है। यह स्थिति तो स्पष्ट है, लेकिन कलेक्टर दर को लेकर तस्वीर साफ नही है। राज्य शासन द्वारा क्या पुराने दर को ही यथावत रखा जाएगा या दर में बढोत्तरी की जाएगी। बहरहाल यह चर्चा का भी विषय बना हुआ हैं।

# चुनाव पूर्व ढाई दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की बात कह रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसएसपी ने सभी थानों के टीआई के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की मैराथन बैठक ली।

- **अपराध रोकने एसएसपी ने ली पुलिस अफसरों के साथ टीआई की मैराथन बैठक**

बैठक दोपहर दो बजे से देर शाम तक जारी रही। इसी कड़ी में आदतन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई करने एसएसपी कार्यालय ने 29 गुंडा, बदमाशों की सूची जिला दंडाधिकारी के पास भेजी है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक उनकी प्राथमिकता जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए मादक पदार्थ की अवैध खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करना है। इसके लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है। अफसर के अनुसार जिले में क्राइम का ग्राफ कम करने के लिए बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही जिले के ऐसे फरार वारंटी जो दूसरे जिले में जाकर छिपे हैं, उनके बारे में जानकारी जुटाकर चुनाव के पूर्व गिरफ्तारी करना है। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र के संवेदनशील एरिया को चिन्हांकित कर उन क्षेत्रों में गश्त तेज करने के निर्देश देने के साथ ही संदिग्धों की धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संदिग्धों के गतिविधियों की निगरानी करने के साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

### आधा दर्जन के खिलाफ जिलाबदर फाइनल स्टेज पर

एसएसपी के मुताबिक जिन 29 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की अनुसंशा की गई है, उनमें से आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई फाइनल स्टेज पर पहुंच गई है। चिन्हांकित बदमाशों के खिलाफ एसएसपी ने जल्द ही जिलाबदर की कार्रवाई करने की बात कही।

### जिलाबदर की सूची में कई रसूखदार

जिलाबदर की सूची में इस बार कई रसूखदार बदमाश भी शामिल हैं, जो सट्टा संचालित करने के साथ अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा सहित अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम करते हैं। अफसर ने ऐसे सफेदपोश बदमाशों के खिलाफ भी जिलाबदर कार्रवाई करने की बात कही।

### छः घंटे के बजाय चार घंटे ही खुलेगी आंगनबाड़ी

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा गर्मी में स्कूल की टाइमिंग बदलने के निर्देश दिए जाने के बाद आंगनबाडी में भी मासूमों को राहत दी है। एक आदेश जारी कर राज्य शासन द्वारा आंगनबाडी छः घंटे के बजाय सिर्फ चार घंटे ही संचालित करने के निर्देश दिए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि, आगामी आठ अप्रैल से अठारह जून तक केन्द्रों का संचालन चार घंटे किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होने बताया कि, सुबह सात से ग्यारह बजे तक ही केन्द्रों का संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा लगातार गर्मी बढने के चलते मासूमों को राहत देने की खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद स्कूल और अब जिले के करीब पन्द्रह सौ आंगनबाडी केन्द्रों में अध्यनरत बच्चों और परिजनों को राहत दी हैं।

# रंगपंचमी में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

अग्रवाल समाज द्वारा फूलों की होली खेली गई। इस दौरान उन्होने आगामी दिनों होने वाले चुनाव में

- **सांसद सहित विधायकों ने की कार्यक्रम में शिरकत**

शत प्रतिशत मतदान करने की भी शपथ ली है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व महासचिव ललित सेक्सरिया ने बताया कि, समारोह में सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे l विजय बघेल ने कहा कि, अपने अंदर की बुराइयों का दहन कर अच्छाई के मार्ग पर चलें, यही होली का संदेश है l इस



अवसर पर सांसद का शाल, श्रीफल व मोमेंटो से सम्मान किया गया l ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर ने भी उपस्थित थे।महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने बताया कि, वृंदावन की तर्ज पर कृष्ण एवं राधा के स्वरूप की झांकी प्रस्तुत करते हुए संगीतमय होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें ममता अग्रवाल ने भक्ति गीतों की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठ विजय अग्रवाल, संजय रूंगटा ने बताया कि, समाज द्वारा शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया l कार्यक्रम में अग्रवाल समाज भिलाई व ख़ुर्शीपार के पदाधिकारीयों ने भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज अग्रवाल एवं दीपक बंसल ने किया l आभार प्रदर्शन महासचिव ललित सेक्सरिया ने किया l इस दौरान कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, राधेश्याम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया, सत्यप्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष पंकज किरतुका, बृजमोहन गोयल, दिनेश अग्रवाल, संजय गर्ग, नवल अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, मधुप अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, युवा मंडल हिमांशु अग्रवाल, यूथ क्लब पंकज अग्रवाल, महिला मंडल से स्वेता अग्रवाल,प्रीति राजगढ़िया उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में रुपाली और फातिमा रहीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता पॉवर जिम,सेक्टर 6 में हुई विजेता खिलाडियों का चयन नागपुर में आयोजित 6 जून से 10 जून तक राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में होगा।

प्रतियोगिता मेंछग पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष जी.सुरेश पिल्लई,पॉवर लिफ्टिंग संघ से नागभूषण,कृष्णा साहू उपस्थित थे, संघ के महासचिव श्रीकांत के की अगुवाई में 180 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया । यूथ व महिला वर्ग मे रुपाली फुले ने एवं बालिका वर्ग मे सुरएय्या फातिमा



चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। जूनियर बालक सुमित तिवारी सीनियर पुरुष मे अब्दुल कादिर चैंपियन ऑफ चैंपियन रहे। इस प्रतियोगिता मे मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय रेफरी ऋषभ जैन थे। राष्ट्रीय रेफरी सन्नी बँसोड,खुशी सिंह, श्रवण कुमार, स्नेहा, अब्दुल कादिर थे।ऑफिशियल कार्य आशीष बँसोड, राम साहू,आकाश पाल, मुकेश, हर्ष, दिलीप दलाई, मयंक ओझा, रुपाली फुले, संतोष, आकाश साव, नोखेज अनवर के द्वारा किया गया। सब जूनियर बालक 15 वर्ष तक में 45 किलोग्राम प्रथम आर्यन कुमार सिंह, द्वितीय जीतन चौहान,कौशल दास और 50 किलोग्राम प्रथम साहिल खान, द्वितीय आकाश मिश्रा,तृतीय अंश वर्मा रहे।जूनियर बालक 18 वर्ष तक राइट हैंड में 50 किलोग्राम प्रथम अभिषेक देवांगन, द्वितीय सहबाज अंसारी, तृतीय के. रोहित रहे।

## खबर संक्षेप

### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल महिला टीम ने जीती चैंपियनशिप



**रायपुर।** रोमांचक फाइनल में संजीवनी महिला टीम ने महिला पीसीटी-8 स्वास्थ्य और फार्मा ने चैंपियनशिप जीत ली। कैप्टन रूपा और वाइस कैप्टन आभा के नेतृत्व में संजीवनी महिला टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। टीम रोस्टर में खिलाड़ी दुलारी, संगीता, सविता, विष्णु, नेवी, ओमवती, सीमा, अमीषा, मालिना, आशा, भुनेश्वरी, सावंती और निक्की शामिल थीं, जिन्होंने मैदान पर उल्लेखनीय कौशल और लचीलेपन का प्रदर्शन किया तथा टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। इस टूर्नामेंट में टीम संजीवनी ने रामकृष्ण केयर, उर्मिला मेमोरियल, उपाध्याय हॉस्पिटल, सुयश हॉस्पिटल आदि हॉस्पिटल्स की टीम को हराकर यह चैंपियनशिप जीती। फार्मा स्पोर्ट्स एसोसिएशन से राजेश दुबे, दीपजॉय परियाल एवं इरफान अली ने संजीवनी टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी देते हुए जीत की बधाई दी। कोच डॉ. कथिरावन और रिंकू जार्ज के मार्गदर्शन में विमेंस टीम कैप्टन रूपा और वाइस कैप्टन आभा की गतिशील जोड़ी के नेतृत्व में किया गया। संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन ने पीसीटी-8, हेल्थ एंड फार्म क्रिकेट-8 का आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### निगम में सेवानिवृत्ति पर एसपी त्रिपाठी का सम्मान



**रायपुर।** 31 मार्च को रायपुर नगर निगम की सेवा से सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी का मंगलवार को गांधी सदन में सम्मान किया गया। गांधी सदन के सामान्य सभागार में मंगलवार को आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पाण्डेय, उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक, डॉक्टर आरके डोंगरे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा ने सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी को बुके सहित श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री त्रिपाठी द्वारा नगर निगम रायपुर को दी गयी सेवाओं की अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहना की।

### लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग

रायपुर। सरोना टाटीबंध निवासी सरदार विरेंद्र सिंह वालिया ने आगामी लोकसभा चुनाव ईवीएम मशीन के बजाय बैलेट पेपर से कराने जाने की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को राष्ट्रहित में ईवीएम वोटिंग मशीन से न कराकर इस बार बैलेट पेपर से होना चाहिए, जिससे ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी पाए जाने की संभावना नहीं होगी। श्री वालिया ने कहा कि मतदान प्रक्रिया यदि विवाद में आ जाए तो आम नागरिक की मांग व देश के अच्छे भविष्य के लिए आप वही तरीका लागू करें, क्योंकि मतदान विकास में आम नागरिकों का मौलिक अधिकार है।

# गंभीर हालत में पहुंची महिला, थ्रोम्बोलिसिस कर डाक्टरों ने लकवा अटैक रोका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

जुबान लड़खड़ाने और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंची महिला को लकवा के लक्षण थे। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने सक्रियता दिखाई और जांच प्रक्रिया पूरी कर गोल्डन अवर में थ्रोम्बोलिसिस कर उसे जीवनभर की अपंगता से बचा लिया।

दो दिन पहले जिला अस्पताल में महिला गंभीर स्थिति में पहुंची थी। परिजनों ने चिकित्सकों को बताया कि शरीर के बाएं हिस्से में कमजोरी है और डेढ़ घंटे से जुबान लड़खड़ाने की शिकायत है। लक्षण लकवा अटैक के थे, जिस आधार पर डाक्टरों की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल उसे रेडियोलॉजी विभाग भेजा। विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गुप्ता ने इमरजेंसी को देखते हुए तत्काल उसकी सीटी स्कैन की जांच कर कुछ समय में ही रिपोर्ट चिकित्सकों को प्रेषित की, जिसमें लकवा अटैक की पुष्टि हुई। सही समय पर अस्पताल पहुंचने की वजह से डाक्टरों ने उपचार प्रक्रिया पूरी की और उसे लकवा की वजह से होने वाली अपंगता से बचा लिया। जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. वेदव्यास चौधरी ने बताया कि इस्कीमिक स्ट्रोक (खून का थक्का जमना) के मरीजों के लिए चार घंटे महत्वपूर्ण होता है और इस अवधि में इलाज की प्रक्रिया पूरी होने से लकवा की शिकायत को कम किया जा सकता है।

खास खबर

## जिला अस्पताल के डाक्टरों की सक्रियता से सुधरी हालत

### नशे की लत से जोखिम ज्यादा

विशेषज्ञ डॉ. अनुरिता सिंहके मुताबिक नशे की लत की वजह से लकवा का जोखिम अधिक होता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप पीड़ितों को नियमित रुप से दवा का सेवन करना चाहिए, इसके अलावा स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए।




### दवाइयां उपलब्ध

थ्रोम्बोलिसिस की दवाईयां उपलब्ध होने की वजह से इस तरह की शिकायत वाले मरीजों का सुचारू रूप से इलाज हो पा रहा है। सीटी स्कैन की मशीन की मरीजों को काफी राहत दे रही है।

**- डॉ. एसके भंडारी**
सिविल सर्जन सह अधीक्षक, जिला अस्पताल

## छात्रों ने की सवालों पर ग्रेस अंक देने की मांग

# कॉलेज ने कहा था- नहीं पूछेंगे बहुविकल्पीय सवाल, वही प्रश्न आए, जमकर बवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में मंगलवार को पूरे दिन गहमागहमी रही। छात्र यहां समाजशास्त्र में पूछे गए सवालों को लेकर विरोध करने पहुंचे हुए थे। छात्रों का कहना था कि कक्षा में पढ़ाई के दौरान तथा व्हॉट्सएप स्टडी ग्रुप में छात्रों से कहा गया था कि बहुविकल्पीय सवाल नहीं पूछे जाएंगे, जबकि परीक्षा में 20 अंकों के सवाल बहुविकल्पीय उत्तर वाले ही पूछे गए हैं। छात्रों ने इन प्रश्नों को विलोपित करते हुए बोनस अंक प्रदान करने की मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने यह धरना-प्रदर्शन किया। इसके अलावा छात्रों ने उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच की मांग की है। एबीवीपी का आरोप है कि कई छात्रों को उनके प्रदर्शन की अपेक्षा कम अंक प्राप्त हुए हैं। परिषद ने परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग की है। विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय के कुछ शिक्षकों के तानाशाही रवैए पर भी आपत्ति की है। प्रदर्शन को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में पुलिस बल भी तैनात रही।



### हनुमान चालीसा का पाठ

छात्रों ने कॉलेज महाविद्यालय प्रबंधन की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही शिक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाए। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से सेमेस्टर प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा, वर्तमान प्रणाली में खामियां हैं जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। इस दौरान एबीवीपी के प्रदर्शन में अन्वित दीक्षित, राजपुरोहित अक्षत, भूपेश बाग, हिरेन सोनवानी, अंबुज तिवारी, नितिन चतुर्वेदी, विक्रम गौतम, हूमांशु साहू, यज्ञदत्त सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

### रिजल्ट के बाद विरोध

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि छात्रों द्वारा ना तो परीक्षा के दौरान कोई आपत्ति की गई और ना ही किसी प्रकार की अन्य शिकायत ही की गई। परिणाम जारी होने के बाद जब कई छात्र कुछ अंकों से अनुत्तीर्ण हो गए तो उनके द्वारा ग्रेस देने की मांग की जा रही है। महाविद्याय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी ने कहा, अतिलघु उत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत एक से दो लाइन में उत्तर वाले सवाल और बहुविकल्पीय दोनों तरह के सवाल पूछे जा सकते हैं।

# भाठागांव के एसटीपी से उपचारित 60 लाख लीटर साफ पानी नाले में बहा रहे



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

भाठागांव में नगर निगम द्वारा बनाये गये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में नाले के 60 लाख लीटर पानी को साफ करके वापस नाले में बहाया जा रहा है। पानी को उपचारित कर खारुन नदी में वापस छोड़ने की योजना अब तक साकार रूप नहीं ले पाई। उपचारित पानी का उपयोग केवल एनएचएआई वाले टैंकर के माध्यम से गार्डन की सिंचाई करने में कर रहे हैं, जबकि उपचारित पानी का ज्यादातर हिस्सा वापस नाले में बहाया जा रहा है।

**खास बातें**

- 6 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी की उपयोगिता तय करने में देर
- निगम आयुक्त ने देखी एसटीपी की व्यवस्था, साफ पानी की उपयोगिता बढ़ाने दिये निर्देश

नगर निगम द्वारा भाठागांव में 6 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर नाले के पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग के लायक बनाया जा रहा है। इससे रोजाना 60 लाख लीटर साफ पानी शहरवासियों को पीने के लिये मिलेगा, पर उपचारित पानी को भाठागांव स्थित इंटकवेल से पाइप लाइन के जरिये खारुन नदी में वापस छोड़ने की योजना फंड की स्वीकृति लंबित होने से अटक गई है। इससे एसटीपी से उपचारित लाखों लीटर साफ पानी बिना उपयोग के नाले में बहाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फिल्टर प्लांट के अधिकारियों की मौजूदगी में एसटीपी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाइप लाइन के लंबित प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए इस पर जल्द काम शुरू करने निर्देश दिये।

अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा का कहना है, एनीकट के पास नाले के गंदे पानी को एसटीपी से उपचारित कर यदि पाइप लाइन के जरिये खारुन नदी में वापस छोड़ा जाये, तो शहर को प्रतिदिन 60 लाख लीटर साफ पानी अतिरिक्त मिलने लगेगा। इसका फायदा ये होगा कि आने वाले दिनों में नगर निगम को सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम से शहर के उपयोग के लिये कम मात्रा में पानी खरीदने की जरूरत पड़ेगी।

### ये रहे उपस्थित

एसटीपी निरीक्षण के दौरान अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा, जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बसपा के तीन और प्रत्याशी मैदान पर, छह पर जल्द घोषणा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

बहुजन समाज पार्टी(बसपा) ने छत्तीसगढ़ में पार्टी के तीन और प्रत्याशियों को टिकट दिए हैं। इससे पहले दो प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी का कहना है कि बाकी बची छह सीटों पर जल्द ही प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। खास बात ये है कि बसपा इस बार छत्तीसगढ़ में अकले चुनाव लड़ रही है।

**तीन सीटों से ये हैं प्रत्याशी-** बसपा ने राजनांदगांव सीट से देवलाल सोनवंशी को प्रत्याशी बनाया है। महासमुंद से बसंत सिन्हा और कांकेर से तिलकराम मरकाम प्रत्याशी बनाए गए हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश बाचपेयी ने कहा है कि बाकी बची छह सीटों पर जल्द प्रत्याशियों के नाम सामने आएंगे। इससे पहले बसपा ने बस्तर से आयतुराम मंडावी और जाजंगीर से डॉ. रोहित डहरिया को उतारा है।

### पूर्व प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रावटे का इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अनिता रावटे ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नाम लिखे इस्तीफे में उन्होंने पार्टी पर उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाया है।

### सिसोदिया ने भूपेश को भेजा मानहानि का नोटिस


**रायपुर।** पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के स्लीपर सेल वाले बयान पर अपने वकील के माध्यम से मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में 15 दिन के अंदर माफी मांगने कहा है। माफी नहीं मांगने पर कानूनी कार्रवाई करने बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि अरुण सिसोदिया ने एक पत्र जारी कर अपनी ही पार्टी के नेताओं पर फंड में अनियमितता का आरोप लगाया था।

# कृषि विवि ने पूछा सवाल तो छात्र ने लिखा बिल्लो बागगे बिलियां दा की करेगी...

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

कृषि विवि में इन दिनों जो ना हो जाए, वह थोड़ा ही है। सेमेस्टर परीक्षाओं में लीक हुए पर्च की की जांच अब तक पूरी भी नहीं हो पाई है कि एक छात्र की उत्तरपुस्तिका सोशल साइट्स पर वायरल हो रही है। छात्र भी इसमें खूब मजे ले रहे हैं। विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत छात्रों से सवाल पूछे। इसमें एक प्रश्न के जवाब में छात्र ने लिखा- बिल्लो बागगे बिलियां दा की करेगी...। छात्र ने इसके आगे पूरा पंजाबी गाना ही लिख दिया। खास बात यह है कि छात्र ने गाने के लिरिक्स इंग्लिश अल्फाबेट में लिखे हैं। छात्रों के व्हॉट्सएप ग्रुप से लेकर फेसबुक और इंस्टाग्राम में भी यह वायरल हो रहा है। उत्तरपुस्तिका के फोटो के बैकग्राउंड में यह गाना भी चल रहा है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व ही विवि द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रश्नपत्र परीक्षाओं से कुछ दिनों पूर्व ही व्हॉट्सएप ग्रुप पर वायरल हो रहे थे। 80 प्रतिशत सवाल इससे पूछे जाने के बाद भी विवि ने इसे गेस पेपर मानते हुए पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके कुछ दिनों के बाद ही नया मामला सामने आ गया है।




### गोपनीयता पर उठ रहे सवाल

वायरल उत्तरपुस्तिका में इंदिरा गांधी कृषि विवि का लोगो नजर आ रहा है। उत्तरपुस्तिका की फोटो खींचे जाने और इसके इस तरह से वायरल होने को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। परीक्षा संबंधित कार्यों में बरती जाने वाली गोपनीयता और परदर्शिता को लेकर विवि के छात्र ही सवाल उठा रहे हैं। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह उत्तरपुस्तिका कौन से सत्र और किस कक्षा की है।

### शिकायत नहीं

अब तक इस संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि किसी तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**- संजय नैय्यर,** जनसंपर्क अधिकारी, कृषि विवि

### प्राध्यापक नहीं जांच रहे उत्तरपुस्तिका

प्राध्यापकों द्वारा उत्तरपुस्तिकाएं स्वयं नहीं जांची जा रही है। वे शोध छात्रों को अथवा किसी प्रोजेक्ट में शामिल छात्रों को कॉपियां जांचने को दे देते हैं। ऐसे ही एक छात्र के व्हॉट्सएप स्टेट्स से उत्तरपुस्तिका का यह स्क्रीनशॉट लिया गया है।

**-सुजीत सुमेर,** छात्रनेता, एनएसयूआई

## पेज 9 के शेष

### चालक फरार, कार ...

कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा : दुर्घटना में घायल बच्चों को देखने नगरवासियों की भीड़ लगी रही। लेकिन स्कूली शिक्षक से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी या मुख्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी ने बच्चों की सुध तक नहीं ली। इस बात को लेकर नागरिकों व परिजनों में काफी आक्रोश देखा गया।

### धर्म व संस्कृति से जुड़ने ...

मंडलिया प्रभु श्रीराम व रामायण के पात्रों का अपने मंचन के माध्यम से बखान करते हैं। जिससे आज की युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन जरूरी है, ताकि पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे युवा पीढ़ी अपनी धर्म और संस्कृति को जाने। उक्त अवसर पर ग्राम कौशलपुर मोहरेंगा सरपंच कामताप्रसाद सिन्हा, तिहारू सिन्हा, भीष्म यदु, अनंदीय सिन्हा, बेनीराम साहू, चेतन सिन्हा, हरिचंद्र साहू, लवकुस साहू, बलदेव ठाकुर, तामेश्वर सिन्हा, सतीश साहू, रामगोपाल साहू, रामकुमार साहू, भागवत साहू मौजूद थे।

### सत्संग के बिना ...

लोगों को एकता के सूत्र का पाठ पढ़ाया। हमें सद्गुरु कबीर साहब के अमृत वाणी वचनों को अपने जीवन में उतार कर मानव जीवन को सफल बनाना है। इस अवसर पर अजोर सिंह यदु, जितेंद्र यदु, अनिल यदू सद्स्य जनपद पंचायत बेमेतरा, राजकुमार बंजारे, हेमलाल साहू, रामेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायन साहू, शैलेंद्र साहू, कमोद साहू, रवि साहू, रामबिलास साहू, जीवरखन साहू, कृष्णा यादव, भोदू यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्यता परीक्षा में सेजस जामगांव आर के 7 बच्चों का चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर**




राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्यता परीक्षा में सेजस जामगांव आर के 7 बच्चों का चयन हुआ है।

मिडिल प्रधान पाठक सिन्धु अनिल कुमार ने बताया कि चयनित बच्चों को प्रति वर्ष 12000 रूपए छात्रवृत्ति के रूप में मिलेंगे। इस परीक्षा में प्रांजल चंद्राकर, चित्तरंजन साहू, दानेश्वर साहू, शौर्य कुमार साहू, तुषार कुमार, शिवांगी साहू और चंचल साहू सात बच्चों का चयन हुआ। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि बच्चों ने चयनित होकर विद्यालय ही नहीं, वरन पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इससे आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम्बल मिलेगा। यह विद्यार्थी, शिक्षक और पालकों की सामुहिक भागीदारी का परिणाम है कि बच्चे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चयनित हुए।

इस अवसर पर ओपी वर्मा, विनीता सुधीर, दीपिका मारकंडे, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, अंजलि मौर्य, नीलक्षी मुखोपाध्याय, दीप्ति प्रधान, हेमा राजपूत, सुरभि तिवारी, सिमरन कौर, दीप्ति प्रधान, छन्नूलाल साहू, खैरुन निशा खान, राजेंद्र नाग, रचना तिवारी, प्रियंका, रानीं नादिनी चौधरी और वसीम खान, अमन पाटकर सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता जारी

# सेमीफाइनल में पहुंची राजहरा माइंस की टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा**

खनिज नगरी में चल रहे अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन 2 अप्रैल को पूल बी का एकमात्र लीग मैच खेला गया। मैच में राजहरा मांईस एवं युनाइटेड फुटबॉल क्लब उड़ीसा की टीम 02 -02 की बराबरी पर रहे।

लेकिन राजहरा मांइस की टीम अपने पूल में बेहतर प्रदर्शन एवं गोल औसत के आधार पर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 04 अप्रैल को खेला जाएगा जहां विजेता टीम को एक लाख एवं उप विजेता टीम को पचास हजार रूपए नकद सहित ट्राफी से पुरस्कृत किया जायेगा। 2 अप्रैल को राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में खेले एक मात्र लीग मैच में राजहरा माइंस के खिलाड़ियों ने पहले हाफ में बढ़िया तालमेल से खेलते हुए दो गोल किए। राजहरा मांईस के लिए पहला गोल 21 वें मिनट में जर्सी नं 07 लोकेश निषाद ने किया और अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई। इसके बाद खेल के 40 वे मिनट में जर्सी नं 15 सुरेश कुमार ने दूसरा गोल कर दो गोल की बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक राजहरा मांईस की टीम उड़ीसा से शून्य के मुकाबले दो गोल से आगे रहे। मध्यांतर के उड़ीसा के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन एवं काफी तेज फुटबॉल सहित नपे तुले पासिंग से खेलते हुए राजहरा मांइस के खिलाड़ियों को छकाते हुए सेकंड हाफ के 35 वे एवं 42 वे मिनट में उड़ीसा के खिलाड़ी जर्सी नं 09 अविनाश मुंडा ने लगातार दो किए और टीम को बराबरी पर ला दिया। इस तरह निर्धारित समय तक राजहरा माइंस एवं युनाइटेड फुटबॉल क्लब उड़ीसा के बीच आखिरी लीग मैच दो-दो की बराबरी पर छूटा, लेकिन राजहरा मांईस की टीम मैच ड्रा खेलने के बाद भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 2 अप्रैल को आयोजित मैच के मुख्य अतिथि तनवीर अहमद डिप्टी कमांडेंट, सी.आई. एस. एफ.रहे विशेष अतिथि के रूप में रजत कुमार बैनर्जी महाप्रबंधक ट्रैनिंग मांईस, पुरोबी वर्मा पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष, श्रीमती नंदा पसीने, देवन्तीन पारकर, रेखा शांडिल्य, आदर्श श्रीवास्तव ए.जी.एम.राजहरा मांइस,शैलैष व्यास ए.जी.एम. आशुतोष माथुर, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे ।





## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में हुआ हर्षवर्धन का चयन



**साजा।** विकासखण्ड साजा से शासकीय प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर संकुल परसबोड़ के कक्षा पांचवी के छात्र हर्षवर्धन रात्रे पिता अमर दास रात्रे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा बेमेतरा के लिए हुआ है। जवाहर उत्कर्ष योजना में भी इसका चयन हुआ है। शाला के प्रधान पाठक कल्याण दास बंजारे, बिरेंद्र कुमार शर्मा, राधा वर्मा, डेमेश्वरी साहू एवं संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला परसबोड़ से प्रधान पाठक आशा बंजारे, पूर्व माध्यमिक शाला परसबोड़ से प्रधान पाठक डाली साहू और हाई स्कूल के प्राचार्य ईश्वर लाल साहू ने अपनी बधाई दी है।

### नवोदय विद्यालय में हुआ कुशल का चयन



**नवागढ़।** ग्राम हरमुड़ी के शासकीय स्कूल के छात्र कुशल कुमार साहू पिता मेलूराम साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा में कक्षा छठवीं के लिए हुआ है। बच्चे का चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है। बालक के चयन पर शिक्षक श्री बांधे, सरपंच जलेश्वर लहरे, तामेश्वर साहू, सनत साहू, बालाराम यादव एवं राजू साहू सहित ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नवोदय विद्यालय में तीन बच्चों का हुआ चयन



**साजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के लिये ग्रामीण अंचल में संचालित अंश पब्लिक स्कूल बीजागोंड़ से उर्वशी साहू पिता चिम्मन लाल साहू, रुद्राणी यादव पिता सुरेश यादव तथा ओम सेन पिता मेहतर सेन का चयन हुआ है। शिक्षक जगरचन वर्मा ने बताया की इस विद्यालय से हर एक वर्ष 2 से 3 बच्चों का चयन होते रहता है। समिति के अध्यक्ष कमलेश रजक, शिक्षक, लुकराम बंजारे, शिक्षिका नबीना शेख, काजल साहू, भुनेश्वरी जंघेल, ठाकुर मैडम, वर्मा मैडम सभी ने बच्चों को अपनी बधाई दी है।

### फागुनदाह में बंदरों का आतंक, ग्रामीण परेशान

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में बंदरों के आतंक के कारण ग्रामीण अपनी बाड़ियों में सब्जी लगाने से लेकर घर के छतों में खाद्य सामान सूखाने के लिए सोचने को मजबूर हैं। बंदरों का आतंक इतना हो गया है कि वे घरों के दरवाजे के पास डेरा जमाकर बैठ जाते हैं, जिससे ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्राम में बंदरों का आतंक इतना ज्यादा बड़ गया है कि खपरैल वाले घरों में इतने छेद हो गए हैं कि तेज धूप की दोपहरी में सूरज की रोशनी टूटे खपरैल के छेद से होकर घरों में घुस रही है।











# बच्चों ने रंगोली बनाकर किया मतदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम के शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अलावा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने ग्राम गुदुम के प्रत्येक गली मोहल्लों के अलावा मतदाताओं के घरों एवं दुकानों में पहुँचकर उन्हें लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र की सफलता हेतु मताधिकार के महत्व के संबंध में भी जानकारी दी। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में भी मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित आकर्षक एवं रंग–बिरंगी रंगोली बनाकर मतदाताओं एवं आम नागरिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी दी।





## बेमेतरा जिले में एक ही विद्यालय से चयनित विद्यार्थियों में सबसे ज्यादा है यह संख्या

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में लावातरा के सात बच्चों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा गत दिनों राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा के पांच बालिका एवं दो बालक कुल सात विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह बेमेतरा जिले में एक ही विद्यालय से चयनित विद्यार्थियों की संख्या में सबसे अधिक है। चयनित विद्यार्थियों में खेमलाल साहू, नंदिनी रजक, भावना साहू, वैष्णवी साहू, खुलेश्वरी साहू, भुवनेश्वरी साहू एवं मनीष साहू शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू द्वारा गर्मी की छुट्टी में समर स्पेशल क्लास लगाई गई थी। इसमें कक्षा आठवीं से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों को एनएमएमएस, एनटीएसई तथा यशस्वी जैसी छात्रवृत्ति संबंधी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देकर अभ्यास कराया गया था। उनके द्वारा शनिवार को छुट्टी के बाद एक्स्ट्रा क्लास लेकर कक्षा 8वी के इन बच्चों को परीक्षा का अभ्यास कराया गया था। शिक्षक भुवन लाल साहू ने एनएमएमएस की तैयारी कर रहे 18 बच्चों को स्वयं के पैसे से पुस्तक खरीद कर निःशुल्क प्रदान किया था।

पहले ही प्रयास में जिले में सबसे अधिक बच्चों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इन चयनित बच्चों के प्रेरक एवं मार्गदर्शक व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा के बच्चों की इस उपलब्धि में विद्यालय की शिक्षिका वीणा देवी सारथी का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इन बच्चों को विज्ञान विषय संबंधित प्रश्नों की तैयारी एवं मार्गदर्शन उन्होंने दी है। व्याख्याता भुवन लाल साहू के ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य को और बच्चों के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए राज्य शासन ने उन्हें इस वर्ष के लिए राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। संभाग स्तरीय शिक्षक अलंकरण पुरस्कार में प्राप्त 10000 रुपये की राशि को भी उन्होंने बच्चों के हित के लिए अपने विद्यालय को भेंट कर दी।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नवमीं से लेकर बारहवीं तक प्रति माह 1000 की छात्रवृत्ति मिलती है जो कि गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार के विद्यार्थियों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे बच्चे अपने पढ़ाई के लिए आत्मनिर्भर बनते हैं तथा पालकों पर बच्चों की शिक्षा का ज्यादा बोझ नहीं पड़ता है। साथ ही बच्चे भविष्य में जब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे तो उन्हें इसका लाभ उस समय भी मिलेगा। क्योंकि इस परीक्षा का पैटर्न विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से मिलता-जुलता है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा की बेरला में लगी युवा चौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- युवाओं से 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने तनमन से जुटने का आव्हान

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बेरला ने ग्राम देवरी व जामगांव में युवा चौपाल का कार्यक्रम का आयोजन किया। इस चौपाल के माध्यम से युवा शक्ति सम्मिलित हुए। इस दौरान इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने तनमन जुट जाने का निर्णय लिया गया । इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधान सेवक बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग किया गया। हर घर मोदी, घर-घर मोदी, के नारे के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो दुर्ग लोकसभा प्रभारी रोहित माहेश्वरी, प्रदेश कार्यकारिणी भाजयुमो विनय साहू, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो योगेश वर्मा, चंपेश्वर, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो दीक्षांत साहू, उमेश यादव, महामंत्री पेखन साहू, शिवझड़ी सिन्हा, विश्वनाथ साहू, सियाराम, हूलेश, भोला, हेमलाल, गौकरण, पोषण, मुकेश, हेमंत, लीलाराम, अनिल, राधेलाल, गुमान, जितेश, लालू, दीपक, दीपेश, जितु, छगन, डामन, तुषार सहित भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

### महायज्ञ में भाजपा नेता हुए शामिल



**नवागढ़।** बुधवार को ग्राम जेवरा में आयोजित श्री रामचरित मानस महायज्ञ में भाजपा मण्डल महामंत्री मिंटू बिसेन, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विनोद साहू एवं सरपंच मनीष साहू व ओंकार साहू शामिल हुए। उन्होंने रामकथा कथा में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने यज्ञ कुंड की परिक्रमा कर नारियल अर्पित किया।

# प्राथमिक शाला खोरदो में एसएमसी अध्यक्ष रघुनाथ ने दिया न्योता भोज



**गुरूर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो गुरूर में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रघुनाथ साहू द्वारा न्योता भोज में शाला के बच्चों को खीर पुड़ी खिलाई गई। अगले दिन आनंद राम व भागबली द्वारा खीर पूड़ी खिलाई गई। साथ ही समिति के सदस्य सरिता साहू द्वारा लौकी व भिंडी की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने कहा कि न्योता भोज बच्चों के पोषण वृद्धि मे सहायक हो रहा है। यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इससे बच्चों, शिक्षक, पालकों एवं समिति के बीच आपसी प्रेम का विकास हो रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ साहू, दुर्गा गुरूवाणी, आनंद साहू, भागबली साहू, हीरालाल साहू, सरिता साहू, शिक्षक नरेश साहू, फलेश साहू उपस्थित थे।

# अण्डी में 5 को मनाई जाएगी भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्राम अण्डी में मां कर्मा जयंती का आयोजन 5 अप्रैल दिन शुक्रवार को किया जा रहा है। इसमें कलशयात्रा, भक्त माता कर्मा की आरती तथा शाम 7 बजे से जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवरतिलदा, जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरूदेव बिरेन्द्र देशमुख, प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य कामधेनु आश्रम भेंडी, अध्यक्षता डॉ. रेमन सिंह अटल, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज अण्डी, विशेष अतिथि हिरई बाई ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, डॉ. भागवत राम साहू भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, चन्दराम ठाकुर, ग्राम पटेल, रामकिशुन ठाकुर, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, संतराम पोंगरा, पूर्व सरपंच / हल्बा समाज प्रमुख, पवन पोंगरा, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, धनेश्वरी रेमन अटल, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, देवलाल मालेकर, सचिव ग्राम पंचायत अण्डी, राम सिंह पटेल, मरार समाज प्रमुख, भावसिंह यादव, यादव समाज प्रमुख, रामकिशुन शर्मा, ब्राह्मण समाज प्रमुख, गणेशराम सिन्हा, सिन्हा समाज प्रमुख, सुफल दास मानिकपुरी, पनिका समाज प्रमुख, बनवाली राम रंगारी, महार समाज प्रमुख, माखनलाल सेन, सेन समाज प्रमुख, गैंदमल जैन, जैन समाज प्रमुख, रघुनंदन भुआर्य, हल्बा समाज प्रमुख सोनबरसा पारा, पांघर प्रमुख महेन्द्र कुमार साहू, तीरथ कुमार अटल, रविदास अटल, योगेश कुमार हिरवानी ईश्वर साहू, चेतन कुमार साहू होंगे।

## कुथरेल में 6 को विशाल कर्मा महोत्सव



**अंडा।** भक्त माता कर्मा की 1008वीं जंयती पर परिक्षेत्र स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव कुथरेल में 6 अप्रैल शनिवार को मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर परिक्षेत्र साहू संघ कुथरेल एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा, 12 बजे भक्त माता कर्मा आरती, दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत, स्मृति सम्मान दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 4 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या 5 बजे भक्त कर्मा माता महाआरती, 7 बजे जय मां खल्लारी रामधुनी चिरपोटी भखारा का कार्यक्रम होगा। इसमें नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अध्यक्षता विशेष अतिथि पुसऊ राम साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, राजेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन, राजेश साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, श्रीमती दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग,यतीश साहू समन्वयक जिला साहू संघ दुर्ग टीका राम साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, दया राम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, सुशील साहू महिला उपाध्यक्ष तह. साहू संघ दुर्ग ग्रामीण उमाशंकर साहू महामंत्री तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, लक्ष्मी साहू संयोजिका तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, ग्रामीण अध्यक्ष छन्नू लाल साहू, उपाध्यक्ष धनेश साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू,उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, बलराम साहू,उपाध्यक्ष कांती साहू सचिव हेमराज साहू, कोषाध्यक्ष, दिनेश साहू सहित परिक्षेत्रीय साहू समाज कुथरेल एवं ग्रामीण साहू समाज कोनारी के ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।







